भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 894

**दिनांक 07 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**विनिर्माण क्षेत्र का विकास**

894 **श्री के.नवासखनी**:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने और रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए व्यापार बाधाओं को कम करने और देश की स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को मजबूत करने के लिए आयात को प्रोत्साहन देने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग): आयात पर कोई व्यापार प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। भारत द्वारा जारी तकनीकी विनियम अथवा उत्पाद मानक विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत हमारी बाध्यताओं के अनुसार बनाए जाते हैं, और ये घरेलू उत्पादन और आयात दोनों पर समान रूप से लागू होते हैं। इन विनियमों का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्ता को बढ़ावा देना और सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा करना है।

*****